प्रादेशिक समाचार
दिनांक–25.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा के पीएमश्री प्लस टू उच्च विद्यालय, डुमरडीहा में छात्राओं से संवाद किया। जल पखवाड़ा–2026 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने छात्राओं से सीधा संवाद कर जल संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने पीएमश्री विद्यालय योजना के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

****

राजधानी रांची में आज भारतीय जनता पार्टी की ओर से महिला आक्रोश मार्च आयोजित किया जा रहा है। महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्षी दलों के रुख के खिलाफ इस विरोध प्रदर्शनका आयोजन किया जा रहा है। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू समेत कई नेता मौजूद हैं। श्री सेठ ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है।

****

झारखंड विधानसभा पुस्तकालय कक्ष में संसदीय प्रक्रिया और संवैधानिक प्रावधानों पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने इसका उद्घाटन करते हुए कर्मियों की कार्य दक्षता बढ़ाने और विधायी परंपराओं को समझने पर जोर दिया। कार्यशाला के दौरान कर्मचारियों को विधानसभा के गठन, बजट प्रक्रिया और सदन के संचालन नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

****

विश्व मलेरिया दिवस पर आज रांची समेत राज्य भर में जागरूकता रैलियां निकाली गयीं। इस बीच स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने मलेरिया मुक्त झारखंड का मंत्र देते हुए कहा कि सामुदायिक भागीदारी और समय पर जांच से ही इस बीमारी को पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। सिमडेगा में आज स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान वेक्टर जनित रोग विशेषज्ञ सुशांत कुमार ने सुविधाओं की जानकारी दी।

****

रांची के एसएसपी राकेश रंजन समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने आज रांची के ध्रुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई।

****

झारखंड में देश की पहली डिजिटल जनगणना का आगाज आगामी 1 मई से होने जा रहा है। भारत सरकार के जनगणना निदेशालय ने इसका पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। प्रक्रिया के पहले चरण में 1 मई से 15 मई तक नागरिक पोर्टल के माध्यम से स्व–गणना कर सकेंगे, जिसके बाद 16 मई से प्रगणक घर–घर जाकर सत्यापन करेंगे।

****

राजधानी रांची के ज्यूडिशियल एकेडमी में आज महिलाओं के खिलाफ अपराध विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। झारखंड स्टेट लीगल सर्विस अथॉरिटी और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी में न्यायिक अधिकारियों और विशेषज्ञों ने महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कड़े कानूनी प्रावधानों और समाज की भूमिका पर चर्चा की। वक्ताओं ने डायन प्रथा उन्मूलन पर भी विशेष चर्चा की।

****

सरायकेला–खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के हाड़ात गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया। हाथियों का झुंड गांव में घुस आया और ग्रामीणों पर हमला कर दिया, जिसमें एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। चांडिल रेंज के प्रभारी वनपाल मुकेश महतो ने बताया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजे का भुगतान किया जा रहा है।

****

देवघर पुलिस ने दो दिन पहले मोहनपुर थाना क्षेत्र में हुई लूट का खुलासा करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूट में इस्तेमाल की गई गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। देवघर एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि अपराधियों के पास से एक देसी पिस्टल, मैगजीन, तीन जिंदा कारतूस समेत अन्य सामग्री बरामद हुई है।

****

द्वितीय राष्ट्रीय योगासन चौंपियनशिप 2026 में भाग लेने के लिए रांची से मोक्ष मंत्र योग संस्था की टीम राउरकेला के लिए रवाना हुई। इस टीम का नेतृत्व कोच स्वीटी कुमारी कर रही हैं।